कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी.एड. संकायों की नैक (B++) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

**सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# दिगंत

## ई-पत्रिका:जनवरी-2026



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in    **Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com    **Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:जनवरी-2026

## संरक्षक मण्डल



परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज

## मुख्य संरक्षक



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**


उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य

## प्रधान सम्पादक

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग 
2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग 
3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग 
4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक 



January 2026

**प्राचार्य की कलम से.........**



अत्यन्त हर्ष का विषय है कि शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीयता की त्रिवेणी प्रसारित करने के दिव्य संकल्प के साथ वर्ष 1969 में स्थापित दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर ई–पत्रिका दिगंत के नवीन संस्करण का प्रकाशन कर रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के उद्देश्य से श्री गुरू गोरक्षनाथ मन्दिर ने सन् 1932 ई. में गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी। वर्तमान में यह परिषद हमारे परम् पूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ जी महाराज के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में शिक्षा के क्षेत्र में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। शहर के हृदय स्थल में स्थित दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर अपने संस्थापको द्वारा देखे गये शैक्षिक पुनर्जागरण के स्वप्न को साकार करने की दिशा में निरन्तर संकल्पबद्ध है। इस संस्था का उद्देश्य ऐसे योग्य, चरित्रवान एवं समर्पित आदर्श नागरिकों का निर्माण करना है, जिनके द्वारा भारतीय संस्कृति के सनातन आध्यात्मिक मूल्यों एवं परम्पराओं को निरन्तर सम्पोषित एवं संवर्द्धित करते हुए एक सशक्त, समर्थ एवं समृद्ध राष्ट्र की स्थापना का स्वप्न साकार हो सके। हमारा संकल्प है कि भारत अपनी ज्ञान परम्परा की विरासत के प्रकाशन से पुनः विश्व गुरू के पद पर प्रतिष्ठित हो सके। शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में सतत, प्रयत्नशील इस महाविद्यालय ने विगत वर्ष नैक प्रत्यायन में B++ ग्रेडिंग प्राप्त की है और मेरा विश्वास है कि प्रत्यायन के अगले चरण में महाविद्यालय को निश्चित रूप से A+ ग्रेड प्राप्त महाविद्यालयों की श्रेणी में गिना जायेगा। शिक्षण एवं अनुशासन इस महाविद्यालय की गौरव गाथा का कीर्ति पठन–पाठन के अतिरिक्त यह संस्था विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरन्तर अकादमिक, सामाजिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों, परिचर्चाओं, संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं का आयोजन करती रहती है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की दृष्टि से महाविद्यालय की एक समृद्ध परम्परा रही है। महाविद्यालय के पुरातन छात्रों एवं अभिभावकों के अनुभवों एवं संस्था की बेहतरी के लिए समय–समय पर प्राप्त सुझावों एवं मार्गदर्शन से लाभान्वित होते हुए यह संस्था आज गोरखपुर शहर के एक श्रेष्ठ उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में जानी जाती है। हमने 'स्वच्छ भारत–श्रेष्ठ भारत' के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ते हुए विद्यार्थियों के साथ–साथ प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए अनुकूल वातावरण, हरे–भरे स्वच्छ परिसर की स्थापना का प्रयास किया है।

मेरा विश्वास है कि शिक्षा वह प्रकाशपुंज है जिसके आलोक से प्रकाशित होते हुए व्यक्ति एवं समाज दोनो ही राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर शिक्षा के माध्यम से भारत राष्ट्र के सनातन मूल्यों, विचारों एवं महान सांस्कृतिक परम्परा के उन्नयन, सम्पोषण एवं संवर्द्धन की दिशा में सतत प्रयत्नशील हो, यही मेरी हार्दिक इच्छा है और शुभकामना भी।

**प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह**
**प्राचार्य**

January-2026



# कार्यक्रम-विवरण

| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06.01.2026 मंगलवार | एन.सी.सी. | कैडेट राष्ट्रीय आर्मी डे परेड, जयपुर हेतु चयनित | 1 |
| 2 | 12.01.2026 सोमवार | महाविद्यालय | सुपर फास्ट टाइम्स के बीच हुआ एम.ओ.यू. छात्रों को मिलेगा मीडिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण | 1–2 |
| 3 | 12.01.2026 सोमवार | बी.एड. | स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर छात्र गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन | 2–3 |
| 4 | 20.01.2026 सोमवार | महाविद्यालय | स्टार्टअप इंडिया व नवाचार को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की छात्राओ द्वारा कॉलेज कैंटीन का संचालन | 3 |
| 5 | 23.01.2026 शुक्रवार | प्राचीन इतिहास | सरस्वती पूजन का आयोजन | 4 |
| 6 | 23.01.2026 शुक्रवार | बी.एड. | सरस्वती पूजन का आयोजन | 5 |
| 7 | 26.01.2026 सोमवार | महाविद्यालय | 77वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम | 6 |
| 8 | 31.01.2026 शनिवार | वाणिज्य | बाम्बे स्टाक एक्सचेंज (BSE) विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान | 7 |

January-2026



## कैडेट राष्ट्रीय आर्मी डे परेड, जयपुर हेतु चयनित



**दिनांक 06.01.2026 को महाविद्यालय की एन.सी.सी. कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर लक्ष्मी अपने कौशल कड़ी मेहनत और समर्पण से आई.जी.सी. कैम्प की प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय आर्मी डे परेड, जयपुर हेतु चयनित हुई।**

कैडेट लक्ष्मी ने राष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज तथा प्रदेश का नाम रोशन किया है। हजारों एन.सी.सी. कैडेटो के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में **महाविद्यालय की सीनियर अंडर अफसर लक्ष्मी का चयन 15 जनवरी, 2026 को जयपुर मे आयोजित आर्मी डे परेड के लिए हुआ है।** सीनियर अंडर अफसर लक्ष्मी ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन के बल पर यह उपलब्धि हासिल किया है। उसका चयन महाविद्यालय तथा प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर 44 यू. पी. बटालियन एन.सी.सी. के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल रमन तिवारी ने कैडेट्स को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## महाविद्यालय व सुपर फास्ट टाइम्स के बीच एम.ओ.यू.



**दिनांक 12.01.2026 को महाविद्यालय और राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक सुपर फास्ट टाइम्स के बीच शैक्षणिक एवं मीडिया सहयोग को लेकर सोमवार, 12 जनवरी को समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ।** यह एम.ओ.यू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह और सुपर फास्ट टाइम्स के क्षेत्रीय संपादक शाश्वत राम तिवारी के बीच किया गया। **समझौते के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पत्रकारिता, समाचार लेखन, फीचर राइटिंग, संपादन, कंटेंट निर्माण, संवाद कौशल और मीडिया के**

January-2026

**व्यावहारिक पक्षों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।** इसके साथ ही विद्यार्थियों को समाचार पत्र की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने के लिए इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे छात्रों को वास्तविक मीडिया वातावरण में काम करने का अनुभव प्राप्त होगा और उनके रोजगारपरक कौशल का विकास हो सकेगा। **प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** वर्तमान समय में शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान अत्यंत आवश्यक है।

**सुपर फास्ट टाइम्स के क्षेत्रीय संपादक शाश्वत राम तिवारी ने कहा कि** समाचार पत्र का उद्देश्य केवल सूचनाओं का संप्रेषण नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार और सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देना है।

## स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर छात्र गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन





दिनांक 12–01–2026 महाविद्यालय के शिक्षक–शिक्षा विभाग में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एक प्रेरणादायक छात्र गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिवस भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचार से प्रेरणा लेने का संदेश देता है।

कार्यक्रम का मुख्य विषय "राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका" रहा, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में बी.एड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2025–26 के विद्यार्थियों हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का

आयोजन किया गया। इस अभिविन्यास कार्यक्रम में प्रशिक्षुगण ने अपनी जिज्ञासाओं की पूर्ति हेतु अनेकों प्रश्न किए, जिसका समाधान प्राध्यापकगण द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिया द्वारा अत्यंत प्रभावशाली तरीके से किया गया। इस अवसर पर प्रो. अरुण कुमार तिवारी एवं विभाग के परिचर श्री अमरनाथ चौधरी सहित बी.एड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की छात्राओ द्वारा कॉलेज कैंटीन का संचालन



दिनांक 20/01/2026 को महाविद्यालय में स्टार्टअप इंडिया व नवाचार को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की छात्राओ आशिका तिवारी, सोनी तिवारी व अलका शुक्ला द्वारा कॉलेज कैंटीन का संचालन प्रारंभ किया गया। कैंटीन का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय के लिए यह एक अच्छी पहल है, जिसमें छात्र–छात्राएं पढ़ाई के साथ–साथ प्रधानमंत्री के विजन "स्टार्टअप इंडिया" के अंतर्गत आत्म निर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे।

## महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन संपन्न





**दिनांक 23.01.2026 को महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती पूजन का आयोजन श्रद्धा एवं विधि–विधान के साथ संपन्न हुआ।** कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

**इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह,** IQAC समन्वयक प्रो. परीक्षित सिंह, मुख्य नियंता डॉ. राम प्रसाद यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्राचीन इतिहास विभाग के विभाग प्रभारी धीरज कुमार सिंह के साथ विभाग के शिक्षक डॉ. सुरेंद्र चौहान, डॉ. शिव कुमार, डॉ. कामिनी सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य शिक्षक प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव, प्रो. अर्चना सिंह, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, डॉ. पीयूष सिंह, डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. संजीव सिंह ने भी पूजन एवं हवन कार्यक्रम में सहभागिता की। **इस अवसर पर सरस्वती पूजन में प्राचीन इतिहास विषय की छात्रा आयुषी शाही मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थी यजमान मंडल के रूप में सम्मिलित रहे।**

आयोजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती की विधिवत पूजा–अर्चना की गई। पूरे परिसर में भक्तिमय एवं सांस्कृतिक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर प्राचीन इतिहास विषय के समस्त विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आयोजन को सफल बनाया।

## बी.एड. विभाग में सरस्वती पूजा एवं पराक्रम दिवस कार्यक्रम का आयोजन






**23.01.2026 को गोरखपुर के शिक्षक शिक्षा विभाग में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा एवं पराक्रम दिवस कार्यक्रम का आयोजन बी.एड. छात्र परिषद् के द्वारा किया गया।**

**कार्यक्रम के प्रथम चरण में सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन** किया गया।

**कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जिसे** पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है पर एक विचारगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभक्ति एवं राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित रहा।



## 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडारोहण कार्यक्रम







**दिनांक 26.01.2026 को महाविद्यालय, गोरखपुर में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** द्वारा झंडारोहण किया गया, तत्पश्चात प्रो. परीक्षित सिंह द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक के पत्र का वाचन करते हुए उच्च शिक्षा के उद्देश्य, शिक्षा में नवाचार तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज नये भारत की नयी तस्वीर है। यह नया भारत स्वाभिमानी व सशक्त भारत है। यह सांस्कृतिक पुर्नजागरण का दूसरा दौर चल रहा है और पूरी दुनिया हमारे वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से परिचित हो रही है। **इस अवसर पर महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शीतल सिंह ने ऐ मेरे वतन के लोगों, सिमरन सिंह ने मैं रहूँ या ना रहूं भारत ये रहना चाहिए, अजय यादव व टीम ने लघु नाटिका प्रस्तुत किया एवं प्रशांत त्रिपाठी ने अपना भाषण प्रस्तुत किया।**

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह ने एवं आभार ज्ञापन डॉ. विभा सिंह ने किया। उक्त अवसर पर आई.क्यू.ए.सी प्रभारी प्रो. परीक्षित सिंह, प्रो. अरूण तिवारी, प्रो नित्यानंद श्रीवास्तव, डॉ श्री भगवान सिंह, मुख्य नियंता डॉ. राम प्रसाद यादव सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।





## वाणिज्य विभाग द्वारा बाम्बे स्टाक एक्सचेंज (BSE) विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान






दिनांक 31.01.2026 को महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा बाम्बे स्टाक एक्सचेंज (BSE) विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अजीत कुमार मौर्य, वाणिज्य विभाग, हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद थे।

अपने व्याख्यान में डॉ. मौर्य ने BSE, NSE, NISM निवेश के महत्व, म्यूचुअल फंड, पोर्टफोलियो प्रबंधन तथा सतर्क निवेशक (Be Alert Investor) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को शेयर बाजार की कार्यप्रणाली समझाते हुए सुरक्षित और दीर्घकालीन निवेश के लिए जागरूक किया।